तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 फाइलेरिया उन्मूलन महाभियान, कलेक्टर...

12 नपाध्यक्ष ने किया नाली निर्माण कार्य ...


# 10वीं-12वीं की परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षित हुए केंद्राध्यक्ष

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों की काउंसिलिंग कर परीक्षा के भय को दूर करने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से जिले में केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विजय कुमार लंगेह ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए परीक्षा की गोपनीयता एवं अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने सभी केंद्राध्यक्षों को निर्धारित रूट चार्ट का अनिवार्य रूप से पालन करने, परीक्षा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सुव्यवस्थित ढंग से बैठाया जाए एवं शौचालय तथा बाथरूम की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने की स्थिति में तत्काल तहसीलदार, एसडीएम अथवा फ्लाइंग स्क्वॉड को सूचना दी जाए। साथ ही विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर परीक्षा के भय को दूर करने पर भी विशेष बल दिया गया।

### पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर लंगेह ने विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए शेष विद्यार्थियों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नाम अथवा अन्य विवरण में त्रुटि होने की स्थिति में फॉर्म-3 भरकर संबंधित विकासखंड कार्यालय में जमा करने के निर्देश भी दिए गए। सत्र 2025-26 में विभिन्न मदों में प्राप्त राशि के संबंध में उन्होंने विद्यालयों को निर्देशित किया कि प्राप्त राशि का नियमानुसार एवं समयबद्ध व्यय करें, ताकि शेष राशि शीघ्र प्राप्त होकर विद्यालय विकास कार्यों में उपयोग की जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने भी संबोधित किया।



### ये रहे मौजूद

समन्वय संस्था के प्राचार्य हेमंत आचार्य ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्राप्त प्रशिक्षण बिंदुओं का विस्तार पूर्वक प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, एपीसी सांप बोस, सुबोध तिवारी, बीईओ सरायपाली टीकम चंद पटेल, विज्ञान परिषद के समन्वयक जगदीश सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

## योजना : 56 अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत उपचार की सुविधा

# 90% लक्ष्य पूरा, फिर भी 1.10 लाख पात्र हितग्राहियों के नहीं बने आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




छह साल बाद भी जिले में अब तक 1 लाख 10 हजार 818 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नही बन पाए हैं। बता दें कि आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए लगभग छह वर्ष बीत चुके है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार विशेष शिविरों का आयोजन, मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीयन सुविधा और घर-घर संपर्क अभियान चलाने के बावजूद करीब 10 प्रतिशत पात्र लोग योजना के दायरे से केवल इस लिए बाहर है क्योंकि या ते वे सजग नहीं हैं अथवा उनमें जागरुकता का अभाव देखा जा रहा है। विभाग द्वारा लगातार प्रयास के बावजूद ऐसे हितग्राहियों में अधिकतर बच्चे और बुजुर्गों की संख्या अधिक सामने आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले ने आयुष्मान कार्ड निर्माण के 90.4 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। जिले के सभी विकासखंडों में 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति दर्ज की गई है। तुमगांव क्षेत्र 91 प्रतिशत उपलब्धि के साथ सबसे आगे है। इसके बावजूद शेष बचे हितग्राहियों को योजना से जोड़ना विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। आंकड़ों के अनुसार महासमुंद विकासखंड में 2,83,346 के लक्ष्य के विरुद्ध 2,55,352 कार्ड बनाए गए हैं और 27,994 शेष हैं। बागबाहरा में 2,27,473 लक्ष्य के मुकाबले 2,05,955 कार्ड बन चुके हैं, जबकि 21,518 शेष हैं। पिथौरा में 2,40,894 के लक्ष्य में से 2,17,701 कार्ड बने हैं और 23,193 शेष हैं। बसना में 1,95,890 लक्ष्य के विरुद्ध 1,77,038 कार्ड तैयार हुए हैं तथा 18,852 शेष हैं। सरायपाली में 1,94,854 में से 1,76,303 कार्ड बनाए गए हैं और 18,551 बाकी हैं। तुमगांव में 7,904 लक्ष्य में से 7,194 कार्ड बन चुके हैं और 710 शेष हैं। जिले में कुल 11,50,361 पात्र हितग्राहियों में से 10,39,543 के कार्ड बनाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान कार्ड प्रभारी ओपी धुरंधर ने बताया कि शेष हितग्राहियों को जोड़ने के लिए स्वास्थ्य अमला लगातार घर-घर संपर्क कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष फोकस किया जा रहा है, जहां बुजुर्गों और बच्चों के कार्ड अपेक्षाकृत कम बने हैं। गांवों में समय-समय पर शिविर लगाकर पंजीयन किया जा रहा है।

### 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए अलग से बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

जिले में शासकीय अस्पतालों, उपस्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा निजी अस्पतालों को मिलाकर कुल 56 अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत उपचार की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए अलग से आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। योजना के तहत बीपीएल कार्डधारियों को 5 लाख रुपए तक तथा एपीएल कार्डधारियों को 50 हजार रुपए तक के मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है।

# सारडीह में दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम साराडीह में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि ग्राम साराडीह के सुरेश यादव अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 9 फरवरी की रात्रि करीब 8 बजे वह अपने घर में था कि बाहर गाली गलौज की आवाज आई तो निकल देखा कि प्रियंका किराना स्टोर्स के पास लखन यादव एवं उसके परिवार वाले आकर उसकी पत्नी कांति यादव एवं लड़की लक्ष्मी यादव के साथ मारपीट कर रहे हैं। जब वह एवं अपनी लड़की मंजू यादव लड़के टिकेश यादव, बहू डिगेश्वरी यादव, लड़के नीलेश यादव एवं ओमप्रकाश यादव के साथ बीच बचाव करने गया तब आरोपी लखन यादव, संतोष यादव, नीरा यादव, किरण यादव, मानसिंग यादव, ममता यादव, सोनू यादव एवं अन्य लोगों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। प्रार्थी ने जब अपनी पत्नी से मारपीट का कारण पूछा तब उसे बता कि संतोष यादव पास में पेशाब कर रहा था, उसे यहां रास्ते में क्यों पेशाब कर रहा है कहने पर विवाद रने लगा और उसके परिवार के लोग लोहे की राड एवं डंडा लेकर आए और मारपीट करने लगे। मारपीट की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 117(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के संतोष यादव ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि 09 फरवरी को रात करीब 8 बजे अपने घर में था कि बाहर गाली गलौज की आवाज आई तो निकलकर देखा कि उसके भाई मानसिंग केसाथ पड़ोस की महिला कांति यादव, मंजू यादव हाथ, डंडा से मारपीट कर रहे थे। जब उसने मानसिंग से पूछा कि क्यों मारपीट कर रहे हैं, तब मानसिंग ने बताया कि वह अपनी दीवार के पास पेशाब कर रहा था, तभी कांति यादव और मंजू यादव रास्ते में पेशाब क्यों कर रहा है कहकर मारपीट करने लगे। उसी समय हमारे परिवार से मां नीरा यादव, पिता लखन यादव, भाई बहू किरण यादव, भाई बहू ममता यादव, भाई सोनू यादव वहां पर आये और समझाने लगे, लेकिन आरोपी कांति यादव के परिवार के सुरेश यादव, टिकेश यादव, नीलेश यादव, ओमप्रकाश यादव, डिगेश्वरी यादव आकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 16 को

**महासमुंद**। गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 16 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई. नागेश्वर राव ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**महासमुंद**। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 12 फरवरी को शाम 4.30 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें जिले के बैंकिंग आंकड़ों, वार्षिक साख योजना, शैक्षिक ऋण, एसएमई एवं मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना तथा डेयरी व मत्स्य पालन से जुड़े ऋण प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में जिले के समस्त बैंकरों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### अज्ञात लोगों ने युवक से की लूटपाट

**महासमुंद**। नयापारा नर्सरी के पास एक युवक से तीन लोगों ने मोबाइल और नगद रकम लूट लिए। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी लिलेश पाल ने बताया कि वह ग्राम सोरिद में रहता है और आदर्श प्रिंटर्स महासमुंद में काम करता है। 9 फरवरी की रात रात्रि करीबन 7:30 बजे काम खत्म करके वह अपने घर ग्राम सोरिद जाने के लिये निकला था, करीबन 07:45 बजे नयापारा महासमुंद नर्सरी के पास तीन अज्ञात लोगों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करते हुए उससे मोबाइल और 4800 रुपए लेकर भाग गए। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 308(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद**। पुराना मलेरिया ऑफिस के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 29 मलेरिया आफिस के पास रहने वाले आयुष यादव ने बताया कि वह अपने भाई अर्थ यादव के साथ सामान लेकर वापस घर आ रहा था। शाम करीब 07.30 बजे अचानक कुछ लड़के आये और उसमें शामिल जलंधर सोनवानी ने पुरानी रंजिश के चलते पत्थर उठाया और गाली गलौज करते हुए फेंक कर मारा, जिससे उसके छोटे भाई अर्थ यादव के सिर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद**। पिथौरा थाना अंतर्गत एनएच 53 गड़बेड़ा पड़ाव के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 10 फरवरी को भाव सिंह ध्रुव गड़बेड़ा पड़ाव के पास रोड क्रास कर रहे थे, जिसे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 पी 3178 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पुत्र गिरधारी ध्रुव की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## संजय बने जिला उपाध्यक्ष, प्रखर को सरायपाली शहर की कमान



सरायपाली। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर ने युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, छत्तीसगढ़ प्रभारी अमीत पठानियां, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं जिला प्रभारी विक्रांत साहू,सह-प्रभारी सतीश सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार तथा पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह एवं सरायपाली विधायक चातुरी नंद की सहमति से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर द्वारा महासमुंद जिला युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी एवं सरायपाली विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों के अंतर्गत सरायपाली विधानसभा से युवा नेता संजय चौधरी को महासमुंद जिला युवा कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है, वहीं लोकेश चौधरी को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी की अनुशंसा पर चार ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिनमें शहर से प्रखर शर्मा, ग्रामीण से सुनील नायक, छुईपाली से विनय भोई तथा भंवरपुर से गिरवर वारे को युवा कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त युवा कांग्रेस विधानसभा की सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौरभ सतपथी एवं प्रद्युमन शर्मा को दी गई है। इन नियुक्तियों से क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की वादाखिलाफी, बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस मजबूती से जनता की आवाज उठाती रहेगी।

# गढ़पटनी स्कूल में छात्रों को बांटी गई फाइलेरिया की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



फाइलेरिया जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी से बचाव हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में बच्चों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मितानिन निर्मला देवी कैवर्त, कंचन बाई कैवर्त तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा कैवर्त ने विद्यालय पहुंचकर सभी बच्चों को फाइलेरिया की गोली खिलाई और बीमारी से बचाव की जानकारी दी।

कार्यक्रम में बताया गया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलने वाला एक संक्रामक रोग है, जो लंबे समय बाद गंभीर रूप ले सकता है। इसके प्रमुख लक्षणों में हाथ-पैरों में सूजन, हाथीपांव (एलिफेंटियासिस) तथा पुरुषों में हाइड्रोसिल जैसी समस्याएं शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार संक्रमण के बाद इसके लक्षण प्रकट होने में 6 माह से लेकर 10 वर्ष तक का समय लग सकता है, इसलिए समय पर दवा सेवन और सावधानी अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा आसपास साफ-सफाई रखने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों को भी इस अभियान में सहयोग करने और नियमित दवा सेवन के महत्व को समझाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक सरविंद सिदार, शिक्षक लगन नाग तथा शिक्षिका खीरवंती भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को नियमित स्वच्छता अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी गई, ताकि फाइलेरिया जैसी बीमारी से समाज को सुरक्षित रखें।

### बुजुर्ग महिला के घर को लगा दी आग

**महासमुंद**। सांकरा थाना अंतर्गत ग्राम आरबीचीपमेन में एक व्यक्ति ने बुजुर्ग महिला के घर में आग लगा दी। सांकरा पुलिस को सरस्वती सोनी पति उत्तम सोनी (68 साल) निवासी आरबीचीपमेन ने बताया कि वह और उसके पति गांव के दर्रीबहरा खार में खाली जमीन पर करीबन 07 साल से झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। 10 फरवरी की शाम करीबन 4 बजे गांव का नीलू साहू पिता स्व सीताराम साहू आया व घर में आग लगा दिया, आग की आंच आने पर हम लोग घर से बाहर निकले तो आरोपी नीलू साहू वहां से भागता दिखा। आग लगाने से घर में रखा घरेलू समान, 2 बोरी धान, 1 बोरी चावल, जमीन का कागजात, सायकल व नगदी रकम करीबन 10,000 रुपए जल गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 326(जी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और फूलों की होली के साथ कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

इन दिनों जिला अंतर्गत पिथौरा विकासखंड के ग्राम तरेकेला श्रद्धा और भक्ति का संगम बना हुआ है। जहां सरस संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सत्संग प्रवाह के भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु भक्त गोता लगा रहे हैं। बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा प्रवाह के सातवें और अंतिम दिन कथा स्थल पर सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के पावन कथा व मनमोहक झांकी के साथ फूलों की भव्य होली आकर्षण का केंद्र रहा।

श्रीमद्भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन हजारों श्रद्धालु ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों से कथा श्रवण के लिए भक्तगण तरेकेला पहुंचे। प्रतिदिन की भांति अपराह्न 03 बजे कथा प्रारंभ होकर सायं 6:30 बजे महाआरती के साथ कथा का विश्राम हुआ। कथा समापन पश्चात कथावाचक दीदी ज्योति शास्त्री को विदाई देते ग्राम तरेकेला एवं क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों के आंसू छलक पड़े। प्रतिदिन कथा समापन पश्चात भोग भंडारा आयोजन की भांति महाभंडारा में हजारों श्रद्धालु भक्त वृंदों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।





इस अवसर पर कार्यक्रम में पूज्य मानिकपुरी पनिका समाज के जिलाध्यक्ष एवं पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सेवकदास दीवान, संघ प्रमुख सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, विश्व हिंदू परिषद बसना के अध्यक्ष रमेश कर, सरपंच जमुना प्रेमसागर पटेल, उपसरपंच चैत कुमारी सोनसाय खूंटे, भूमिदाता परिवार मोतीलाल दाऊ, लक्ष्मी पारेश्वर, रामजी चौहान, मकरध्वज पारेश्वर, मोतीलाल जाटवर, सार्तिकसिह सिदार, नरेंद्र नायक, सेतलाल खूंटे, किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्टर नीलू आरके दास, श्रीराम जानकी मंदिर समिति बसना के सचिव अभय धृतलहरे, मानस प्रवंचक देवराम डड़सेना सहित गणमान्य जनों ने परम दुर्लभ श्रीमद्भागवत कथा में सहभागी बनकर पुण्य लाभ लिया। जो श्रद्धालु कथा स्थल पर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, वे महंत लखन मुनि साहेब के यूट्यूब चैनल महंत लखन मुनि लाइव के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन भागवत कथा का सीधा प्रसारण देख व सुन सकते हैं। इस दौरान वृंदावन वाले शशिकांत त्रिपाठी, संत सतलोक दास, महंत साधुशरण दास गोरखपुर, संत दयाराम, लक्ष्मी पारेश्वर, नेपाल हिरदय पटेल, लखन नायक, समेसिंह श्रीवास, ज्ञानसिंह यादव, मोतीलाल पटेल, धनसाय पटेल, हेमप्रसाद पारेश्वर, त्रिलोचन पटेल, मोहन खांडेल, बृज जगत, मुरारी नायक, नेतलाल पटेल, अंजोरमोती पारेश्वर, खीरबाई पटेल, मेमबाई ललित पटेल, जीवनबाई उदल सिदार, कोकिल कंचन पटेल, युवा लोक सेवा समिति से सूरज नायक, पप्पू शेष, सुरेश पटेल, जीवन पटेल, चंदन सिदार, गोविंद पटेल, राजू गजेन्द्र पटेल, राज नायक, मोहन सजन पटेल, संतलाल सिदार, कलप पटेल तथा समस्त नवाडीह, जूनाडीह ग्राम तरेकेला एवं क्षेत्रवासी हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बेलसोंडा में हटाया गया बेजा कब्जा

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा में तीन लोगों के द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर बेदखली की कार्रवाई करते हुए इन जमीनों को कब्जा मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व और पुलिस अमला मौजूद रहा। मिली जानकारी के अनुसार जिन जमीनों से कब्जा हटाया गया है उनका शासकीय भूमि खसरा नंबर 1661, 1651, 1654 है। जिसमें संबंधित पटवारी, आरआई, पंचायत पदाधिकारीगण एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में कब्जा मुक्त कराया गया।

### शिक्षामंत्री यादव ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहयोग केंद्र में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं से विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए, साथ ही उनके कई आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। सहयोग केन्द्र में 225 विषयों से संबंधित कुल 142 आवेदन आए। इस दौरान लगभग 400 कार्यकर्ता सहयोग केन्द्र में पहुंचे थे। सहयोग केंद्र में प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने उपस्थित रहे।

### 6 आईएफएस पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य सरकार के वन विभाग के द्वारा भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति दी गई है। यह पदोन्नति भारतीय वन सेवा भर्ती नियम में उल्लेखित प्रावधान अंतर्गत की गई है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2022 बैच के 6 आईएफएस अधिकारियों को यह पदोन्नति दी गई है। पदोन्नत अधिकारियों में दीपेश कपिल, एस नवीन कुमार, वेंकटेश एमजी, चंद्र कुमार अग्रवाल, ऋषभ जैन, विपुल अग्रवाल शामिल हैं।

### कैबिनेट आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होगी। कैबिनेट में विधानसभा बजट सत्र की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सत्र के दौरान लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा होगी। अध्यक्ष पर्यावरण विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा प्रस्तुत कुछ विधेयक पर चर्चा के बाद उसे विधि विभाग को भेजा जाएगा। वहां अन्य विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा कर उसे मंजूरी दी जाएगी।

### पुलक बनाए गए जीएडी में उप सचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक स्तर पर बदलाव करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पुलक भट्टाचार्य को तत्काल प्रभाव से सामान्य प्रशासन विभाग (मंत्रालय) में उप सचिव पद पर पदस्थ किया है। इस संबंध में आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। अब तक वे संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में अपर संचालक के रूप में कार्यरत थे।

### पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा (2025) प्रदेश के सभी 33 जिलों में 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। जबकि मुख्य परीक्षा 16 से 19 मई तक आयोजित होगी।

## निधन

### पार्वती चोपड़ा



**महासमुंद।** शहर के महात्मा गांधी वार्ड निवासी पार्वती चोपड़ा का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। वे शैलेंद्र (गोलू) और श्रेयांस (लकी) की माता थीं।

# निगम, मंडल, आयोग और संसदीय सचिवों की कुर्सी के लिए लंबे समय से इंतजार

## पहली सूची के बीते साल अप्रैल में आने के बाद से हो रहा है दूसरी सूची का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में बचे पदों के साथ ही संसदीय सचिवों की कुर्सी को लेकर भाजपा नेताओं और विधायकों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। पहली सूची बीते साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया।

पहले बीते साल चैत्र नवरात्रि में दूसरी सूची आने की बात सामने आई, लेकिन नवरात्रि और दीपावली के साथ ही पूरा साल निकल गया। नए साल का पहला माह भी निकल गया है और अब तो फरवरी का दूसरा सप्ताह भी प्रारंभ हो गया है, लेकिन सूची जारी कब होगी, यह किसी को मालूम नहीं है। प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। बीते साल कई बार संभावना जताई गई कि सूची जल्द जारी होगी, लेकिन सूची नहीं आई। अब सूची के इस साल जारी होने की पूरी होने संभावना है।



### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। कुल मिलाकर करीब तीन दर्जन पदों पर भाजपा नेताओं को मौका मिलेगा।

### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद बीते साल अगस्त में विस्तार किया गया। इसके बाद से ही संसदीय सचिवों को लेकर यह संभावना जताई गई कि अब जल्द ही संसदीय सचिवों की नियुक्ति होगी। जिन विधायकों को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल सका है उनको संसदीय सचिव बनने का मौका मिलेगा। ज्यादातर नए विधायकों को भी संसदीय सचिव बनाए जाने की संभावना है, वैसे कुछ पुराने विधायक भी संसदीय सचिव बनाए जा सकते हैं।

## गर्मी में ओवरलोड के कारण प्रदेश में बिजली गुल की होती है आम समस्या

# उपभोक्ताओं से ज्यादा लोड की भरपूर वसूली ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की जांच करने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं से ज्यादा लोड के लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी भरपूर वसूली कर रही है। पहले उपभोक्ता अपना ज्यादा लोड बताते नहीं थे, लेकिन अब सीधे व्यवस्था यह हो गई है कि उपभोक्ता का लोड अगर तीन माह तक ज्यादा रहा, तो बिजली बिल के साथ ही एक किलोवाट के 944 रुपए के हिसाब से जुड़कर आ जाते हैं। उपभोक्ताओं से तो ज्यादा लोड होने पर पैसे लिए जा रहे हैं, लेकिन ट्रांसफार्मरों का ओवरलोड कभी भी चेक नहीं होता, जिसके कारण गर्मी में पूरे प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक बिजली की खराबी आम बात है। एक बार बिजली गुल होने पर घंटों लग जाते हैं इसको ठीक करने में क्योंकि पॉवर कंपनी का अमला भी लाठी टेक है। बीते साल गर्मी में बहुत परेशानी हुई थी, इस बार भी गर्मी में ऐसा होना तय है।

पॉवर कंपनी को कुछ साल पहले यह शिकायत रहती थी कि उपभोक्ता बिजली का सही लोड नहीं बताते हैं जिसके कारण ट्रांसफार्मरों में सही लोड का पता नहीं चलता है और गर्मी में ट्रांसफार्मरों में खराबी आ जाती है। लेकिन अब पॉवर कंपनी यह शिकायत नहीं कर सकती है, क्योंकि अब पॉवर कंपनी ने यह नियम बना दिया है कि जिस भी उपभोक्ता का लोड बढ़ जाएगा, उसका लोड बढ़ाने के लिए बिजली बिल के साथ ही शुल्क जुड़ जाएगा।



### एक किलोवाट के लिए 944 रुपए



घरेलू उपभोक्ता आमतौर पर एक से दो किलोवाट लोड का कनेक्शन लेते हैं। आज कल सिंगल फेज में भी पांच किलोवाट तक का उपयोग करने की मंजूरी होने के कारण कई उपभोक्ता सिंगल फेज कनेक्शन में दो से तीन एसी तक चला लेते हैं। ऐसे में तीन माह तक पॉवर कंपनी को जब लगता है कि किसी उपभोक्ता का लोड अब दो किलोवाट से बढ़कर तीन या फिर चार किलोवाट हो गया है तो एक किलो वाट के 944 रुपए के हिसाब से बिजली बिल में जुड़कर आ जाते हैं। इसमें 800 रुपए शुल्क और 18 फीसदी जीएसटी है।

### ट्रांसफार्मर ओवरलोड देखने वाला कोई नहीं

पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं से लोड के पैसे तो ले रही है, लेकिन ट्रांसफार्मरों का लोड कभी देखा ही नहीं जाता है। इसकी वजह से ही समस्या होती है। जानकार बताते हैं कि सौ किलोवाट के ट्रांसफार्मर से अगर दो किलो वाट के 50 कनेक्शन दिए गए हैं और बाद में अगर उपभोक्ताओं का लोड तीन से चार किलो वाट हो जाता है तो ऐसे ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते हैं। इनकी जांच करके या तो कनेक्शन कम करने का काम किया जाना चाहिए या फिर ज्यादा लोड वाला ट्रांसफार्मर लगाना चाहिए, लेकिन ये काम होते ही नहीं है। इसका नतीजा यह होता है कि ट्रांसफार्मर का डीओ गिर जाता है, कई बार जंपर कट जाता है। ऐसा होने से बिजली गुल होती है। कई बार बड़ा फाल्ट भी हो जाता और फीडर ही बंद हो जाते हैं।

### अमला भी लाठी टेक

ओवरलोड या फिर किसी अन्य कारण कारण से अगर कहीं खराबी होती है तो उस खराबी का पता लगाने में ही पॉवर कंपनी के अधिकारियों का पसीना छूट जाता है, क्योंकि खराबी का पता लगाने के लिए पेट्रोलिंग करनी पड़ती है। इसमें खराबी को खोजने में कई बार घंटों लग जाते हैं। अगर किसी ने खराबी के बारे में जानकारी दे दी कि अमुक स्थान पर स्पार्किंग हुई है तो खराबी जल्द ठीक हो जाती है, नहीं तो फिर घंटों भुगतना ही पड़ता है। राजधानी रायपुर में ही खराबी के कारण बिजली का घंटों गुल होना आम बात है। कई फीडर भी कमजोर हैं।

# अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में शामिल हुए जनपद सभापति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठाकुरपाली में आयोजित अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भोग-भंडारे में सहभागिता करते हुए ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। कार्यक्रम में अनेक कीर्तन मंडलियों ने भाग लेकर अपनी भक्ति-भावना और सांस्कृतिक प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

सभापति सिन्हा ने कहा कि अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ आदि-अनादि काल से हमारे पूर्वजों की परंपरा का हिस्सा रहा है। हरे कृष्ण, हरे राम महामंत्र का जाप तन-मन को प्रफुल्लित करने वाला है। सोलह नामों एवं बत्तीस वर्णों से युक्त हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र का कीर्तन ही कलियुग में जीवों के उद्धार का एकमात्र सरल उपाय बताया गया है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सहज मार्ग हरिनाम जप है और सामूहिक संकीर्तन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सद्भाव का संचार होता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जनपद सभापति को पेयजल समस्या सहित अन्य स्थानीय विषयों से अवगत कराया। सिन्हा ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अंकोरी सोसायटी के अध्यक्ष मुरलीधर नायक, नगर पंचायत बसना के पार्षद राकेश डडसेना, सरपंच प्रतिनिधि बिहारी लाल बरिहा, पंच विपिन बारीक, पूर्व सरपंच कौशिक प्रधान, श्याम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण जिलाध्यक्ष बंजारे ने पायलट को सौंपा रिपोर्ट कार्ड

## पायलट ने कहा-पार्टी को मजबूत बनाने सक्रियता बरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने मंगलवार को दिल्ली में एआईसीसी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात कर पिछले 2 महीनों में जिले में किए गए कार्यों की रिपोर्ट सौंपी।

इसमें संगठनात्मक कार्य, मनरेगा बचाओ संग्राम, एसआईआर पर मतदाताओं का नाम काटे जाने पर आंदोलन, रायपुर जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर पार्टी की गतिविधियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की मजबूती के लिए उठाए गए कदमों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड सौंपा। मुलाकात के दौरान श्री पायलट ने रायपुर ग्रामीण जिले में संगठन सृजन अभियान के तहत की गई प्रगति की सराहना की उन्होंने आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए और अधिक सक्रियता बरतने का आह्वान किया।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जन-समस्याओं विशेषकर मनरेगा, किसान कल्याण, बेरोजगारी तथा कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर आंदोलन एवं जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

# प्रदेश के 12 हजार मनरेगा कर्मचारी 27 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर प्रदेश भर के 12 मनरेगा कर्मचारी, अधिकारी और रोजगार सहायक अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आंदोलन का आगाज 27 फरवरी को प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन से होगा। 20 साल सेवा देने के बाद भी सेवा सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलने से मनरेगा कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में मनरेगा कर्मचारी अब सड़क पर उतरकर लंबित मांगों को लेकर अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटेंगे।

नियमितीकरण सहित रोजगार सहायकों का ग्रेड पे और 18 माह से लंबित मानव संसाधन नीति को तत्काल लागू करने की मांग मनरेगा कर्मचारी कर रहे हैं। इसी सिलसिले में राजधानी के शदाणी दरबार के पास छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने हाल ही में प्रांतीय बैठक आयोजित की। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों से आए प्रांतीय प्रतिनिधि और महासंघ के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में यह तय हुआ कि 27 फरवरी से प्रदेश भर के मनरेगा कर्मचारी, अधिकारी और रोजगार सहायक अपने 3 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

# अंतिम दौर पर एसआईआर की प्रक्रिया

## दावा-आपत्ति पर सुनवाई के लिए तीन दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एसआईआर के तहत दावा-आपत्ति अंतिम चरण पर है। निर्वाचन आयोग का दावा है कि जितने भी मामले मिले थे, उन पर दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद सही पाए गए दावों के आधार पर नामों को मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है। 14 फरवरी को इसकी अंतिम तिथि है। उसके बाद 21 फरवरी को सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

निर्वाचन आयोग को विभिन्न जिलों से रिपोर्ट के आधार पर ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति अवधि के दौरान जिन वैध मतदाताओं का नाम सूची में शामिल नहीं था। उन्होंने नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र-6, मतदाता सूची में सुधार हेतु घोषणा पत्र सहित प्रपत्र-



8 तथा नाम विलोपन अथवा आपत्ति के लिए घोषणा पत्र सहित प्रपत्र-7 प्रस्तुत किए। तीनों ही प्रक्रिया में प्रपत्र-7 के विभिन्न आवेदन बीएलए के द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत दावों पर बिना सुनवाई निर्णय लेने के आरोपों के बीच अब ऐसे लोगों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि अब तक जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए थे, उनमें नोमैपिंग और तार्किक त्रुटि के मामले अधिक थे।

### 98 प्रतिशत की सुनवाई पूरी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है। एसआईआर के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन के बाद दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया 22 जनवरी तक पूर्ण की गई। अब तक राज्य भर में जारी किए गए लगभग 98 प्रतिशत नोटिसों की सुनवाई पूर्ण की जा चुकी है।

### इन मामलों में जारी किया गया नोटिस

एसआईआर की गणना चरण के दौरान प्राप्त गणना प्रपत्रों के आधार पर, जिन मतदाताओं का मिलान वर्ष 2003 की विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से नहीं हो पाया, उन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किए गए।

# 7 को नहीं हो सका, अब 20 को होगा चावल उत्सव, फरवरी मार्च का एक साल मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ हर महीने की 7 तारीख को चावल उत्सव मनाया जाता है, इस तारीख को सरकारी राशन दुकानों से चावल का वितरण करने को चावल उत्सव कहा जाता है, लेकिन इस बार 7 फरवरी को यह उत्सव नहीं हो पाने से राज्य में बड़ी संख्या में गरीब लोग परेशान हैं।

चावल न मिलने की शिकायत यहां वहां कर रहे हैं। यही नहीं, चावल लेने की कोशिश में दूसरे गांवों की दुकानों तक दौड़ भी लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार फरवरी में 7 फरवरी की जगह 20 फरवरी को चावल उत्सव होगा। इस दिन से राज्य की सभी करीब 14 हजार राशन दुकानों से चावल का वितरण होगा। राज्य में निर्धारित समय पर चावल न बंट पाने के पीछे ये बात सामने आई है कि सामान्य चावल में गुणवत्ता युक्त पौष्टिक चावल एफआरके एक प्रतिशत की मात्रा में मिलाया जाता है। लेकिन इस बार एफआरके चावल के टेंडर में देरी होने की वजह से चावल का वितरण नहीं हो पाया है। इसी सिलसिले में ये भी कहा जा रहा है कि खाद्य विभाग के सर्वर में तकनीकी खराबी होने के कारण चावल वितरण नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति के बीच छत्तीसगढ़ के लाखों लोग जो राशन दुकानों से चावल लेते हैं, परेशानी में पड़ गए हैं। कई लोग चावल न मिलने की शिकायत भी यहां वहां करते रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका है। अभी आधी दुकानों से ही वितरणयह जानकारी भी मिली है कि राज्य की करीब 14 हजार सरकारी राशन दुकानों में से आधी यानि करीब साढ़े 6 हजार दुकानों से चावल वितरण शुरु हो गया है। लेकिन इसके साथ ये भी कहा जा रहा है कि अब 20 फरवरी को चावल उत्सव होगा, इसी समय से सभी दुकानों से फरवरी और मार्च का दो माह का चावल एक साथ दिया जाएगा।

## धान खरीदी की तारीख बढ़ाने और एकमुश्त राशि देने की मांग

# मुख्यमंत्री निवास घेरने पहुंची आप, पुलिस ने रास्ते में रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकार की धान खरीदी नीति का लगातार विरोध कर रही आम आदमी पार्टी मंगलवार को सीएम आवास का घेराव करने निकली। गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक दिया।

आम आदमी पार्टी का कहना है कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीति के कारण प्रदेश के लगभग 3 लाख किसान अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। धान बेचने के बाद भी किसानों को उनका पूरा पैसा नहीं मिल पा रहा है। किसान सुबह 4 बजे से को-ऑपरेटिव बैंक के बाहर लाइन में खड़ा रहता है और उसे एक बार में सिर्फ 25 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने मांग करते हुए कहा, धान की राशि एक मुश्त देने के साथ धान खरीदी की तारीख 28 फरवरी तक बढ़ाया जाए। पार्टी कार्यकर्ता मंगलवार दोपहर फायर ब्रिगेड चौक के समक्ष एकत्र हुए। यहां से वे सीएम हाउस कूच के लिए निकले। उन्हें रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। रोके जाने के दौरान पुलिस से आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं की झड़प भी हुई।



### आत्महत्या करने विवश कर रही सरकार

आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष देवलाल नरेटी ने कहा, धान बुवाई से लेकर अब तक सरकार ने किसानों को अनदेखा किया है। कभी बीज तो कभी खाद की कमी से किसानों को जूझना पड़ा। जब धान कट गया तो टोकन के लिए किसानों को भटकना पड़ा और उन्हें अपमानित किया गया। जो किसान धान नहीं बेच पाए हैं, वे अपना कर्ज कैसे पटाएंगे? उन्हें यह सरकार आत्महत्या करने मजबूर कर रही है। धान खरीदी में सरकार पूरी तरह विफल रही है। यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों के खिलाफ सुनियोजित साजिश है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, वदूद आलम, दुर्गा, भानुप्रकाश, सूरज, राजेंद्र , मिथलेश, तारेंद्र, अनुषा, चंद्रमणि, मुन्ना, पलविंदर, विजय सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों को किया गया सम्मान

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू के जन्मदिवस पर शिक्षकों का सम्मान फूल माला पहनाकर, गुलदस्ता, श्रीफल साल भेंटकर किया गया। तुषार ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि शिक्षा-जगत के उन सपूतों को नमन है, जिन्होंने अपने जीवन की ज्योति दूसरों के मार्ग को प्रकाशित करने में समर्पित ही है। क्योंकि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तकों के ज्ञानदाता नहीं होते हैं, बल्कि वे मूल्य, संस्कार और जीवन जीने की कला के शिल्पकार भी होते हैं। वे समाज के वह आधारस्तंभ हैं, जिन पर भविष्य की पूरी इमारत खड़ी होती है। आज जब तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दौर तेजी से बढ़ रहा है, तब भी एक सच्चे शिक्षक की भूमिका अपूर्णीय है। मशीनें ज्ञान दे सकती हैं, परंतु मनुष्य को मनुष्य बनाने की क्षमता केवल शिक्षक के पास होती है।

### आत्मानंद कालेज में बजट क्वेस्ट का आयोजन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 11 फरवरी 2026 को डॉ. अनुसुइया अग्रवाल की अध्यक्षता में माय भारत केंद्र, महासमुंद द्वारा बजट क्वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बजट क्वेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को केंद्रीय बजट की मुख्य विशेषताओं, आर्थिक नीतियों तथा देश के विकास में बजट की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्थिक जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें समसामयिक विषयों से अवगत कराना था। डॉ. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बजट की महत्वपूर्ण बातों को समझने तथा देश के आर्थिक विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## वनों की सुरक्षा व अग्नि सुरक्षा को लेकर शिशुपाल में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली



रजत जयंती ईको कैंप शिशुपाल में वनों को अग्नि से होने वाली क्षति से बचाने तथा अग्नि सीजन 2026 के दौरान प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरायपाली उप वन मंडल स्तर पर अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यरत वन अमले के साथ-साथ स्थानीय समुदाय को वनाग्नि रोकथाम के प्रति जागरूक करना तथा आपसी समन्वय को मजबूत बनाना है, ताकि समय रहते आग की घटनाओं को रोका जा सके।

इन कार्यशाला में वनरक्षक, वनपाल, उप वनक्षेत्रपाल, फायर वाचर्स, संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अन्य शासकीय कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा स्व सहायता समूहों के सदस्य भी सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला में अधिक से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता इस लिए सुनिश्चित की गई ताकि वनाग्नि रोकथाम के लिए व्यापक जनभागीदारी विकसित हो सके और जिम्मेदारी सामूहिक रूप से निभाई जा सके।

वनाग्नि की सूचना को समय पर साझा करने के लिए व्यापक स्तर पर ग्रामीणों का पंजीकरण कर फायर अलर्ट सिस्टम से भी जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक गांव के अधिक से अधिक लोगों को इस अलर्ट व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी भी संभावित आग की स्थिति में स्थानीय स्तर पर तुरंत रोकथाम की जा सके। साथ ही जागरूकता बढ़ाने के लिए अभिनव उपाय अपनाए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन एवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों, युवाओं एवं स्थानीय समुदाय को वनाग्नि के दुष्परिणामों और रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## मिलिंद बने मिला अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



देश के अग्रणी सामाजिक संगठनों में शुमार अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा, जो कि लगभग 132 वर्षों से सामाजिक उत्थान, एकता एवं संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्यरत है, के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर महासमुंद निवासी मिलिंद चंद्राकर की नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति को समाज में विशेष सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। अपने नियुक्ति पर मिलिंद चंद्राकर ने महासभा के राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार कटियार, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा, शीर्ष नेतृत्व के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों तथा समस्त वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 132 वर्ष पुराने इस प्रतिष्ठित संगठन में ऐसा महत्वपूर्ण दायित्व मिलना उनके लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है, साथ ही यह एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संगठन की गरिमा, विचारधारा एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए युवा शक्ति को संगठित करने, समाज के हित में सकारात्मक पहल करने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए वे पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। मिलिंद चंद्राकर ने कहा कि सभी के मार्गदर्शन, सहयोग एवं आशीर्वाद से वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, सक्रियता एवं समर्पण भाव से करेंगे।

**आयोजन : कार्यक्रम देखकर हुए भावुक, प्रार्थना सभा शेड निर्माण की घोषणा**

## बेलसोंडा स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडॉ में शाला वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से 12वीं तक एक ही परिसर में संचालित बेलसोडा में कुल 22 कार्यक्रम को मिनट 2 मिनट प्रोटोकॉल के तहत भव्यता से वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि शिक्षा की सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने में प्रत्येक संस्था में शाला वार्षिक उत्सव मनाया जाने पर जोर दिया। जिसमें छात्र-छात्राओं के अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में बच्चों के विकास हो। कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव कार्यक्रम को देखकर लोग बहुत ही भावुक हो गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संपूर्ण कार्यक्रम को रुचि पूर्ण एवं उत्साह से देखते हुए पूरे समय तक अपनी उपस्थिति दी।

शाला विकास समिति अध्यक्ष डॉ वाणी तिवारी ने संस्था के उपलब्धियां के बारे में विस्तृत रूप से विधायक को अवगत कराते हुए वर्तमान में आवश्यक एवं जरूरी संसाधन मंच एवं प्रार्थना सभा के लिए शेड की मांग रखी, जिसे विधायक ने सहर्ष स्वीकार करते हुए प्राक्कलन तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। डा वाणी द्वारा संस्था के महत्वपूर्ण उपलब्धियां में विज्ञान एवं खेल के क्षेत्र में लगभग 17 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर एवं 22 विद्यार्थियों का राज्य स्तर चयन होने से न केवल गांव बल्कि जिला एवं प्रदेश में अपनी पहचान बनाई है, जिन्हें विधायक द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सृष्टि अमर चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत बेलसोडॉ के सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, शाला विकास समिति के सदस्य कुणाल चंद्राकर, ममता चंद्राकर, भोला राम चंद्राकर, प्रकाश साहू, सोहन यादव, विजया देशमुख, सुखबती कन्नौजी रहे। संस्था के प्राचार्य देवनारायण जांगड़े ने शाला वार्षिक उत्सव में छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यक्रम की सराहना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता शोभा सिंह देव, हेमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल, रुक्मणि साहू, निधि गुप्ता, सुधा ब्रह्म भट्ट, रामकुमार भट्ट, शिक्षकगण हेमराम साहू, संतोष चंद्राकर, नीतू बिसेन, अर्चना पात्र, आशा यादव, कल्पना साहू, सरिता लहरे, रेखा चंद्राकर, सीता शर्मा, नेहा चंद्राकर लीना चंद्राकर, क्षिप्रा वैष्णव, हरीश धीवर आदि मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से मिला छग टीचर्स का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



छग टीचर्स एसोसिएशन जिला के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग की समस्याओं से अवगत कराकर त्वरित निराकारण का आग्रह किया। एसोसिएशन ने आशीष देवांगन व्याख्याता शासकीय आशीबाई गोलछा उमावि महासमुंद के निलंबन की प्रक्रिया पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला विद्यालय स्तर पर निराकृत हो चुका था जिसकी जानकारी लिखित में आशीष देवांगन को 31/10/2025 को दी गई थी। विद्यालयीन अनुशासन व्यवस्था की जिम्मेदारी प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ की होती है और जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के संरक्षक होते हैं। फिर मात्र मौखिक शिकायत पर निलंबन तक की कार्रवाई का हो जाना समझ से परे है। जांच दल में संबंधित स्कूल के प्राचार्य को सम्मिलित करना भी न्यायोचित प्रतीत नही होता है। एसोसिएशन ने प्राचार्य स्तरीय समिति बनाकर जांच करने की मांग की है तथा निलंबन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। शाउमाशा नरतोरा के निलंबित व्याख्याता द्वारिका प्रसाद चंद्राकर के निलंबन के पूर्व अर्जित अवकाश की स्वीकृति के बाद भी वेतन न निकाले जाने पर डीइओ को संबंधित डीडीओ को निर्देशित करने का आग्रह किया। एसोसिएशन ने सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई, सीजीपीएफ खाता संधारण, उच्च परीक्षा अनुमति के लिए प्राप्त आवेदन का तत्काल निराकरण, वरिष्ठता के आधार पर विद्यालय में प्रभारी नियुक्त करने सबंधी अहित अद्यतन शिक्षकीय समस्याओं पर त्वरित निराकरण की मांग की। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त मुद्दों को बिंदुवार सुनते हुए यथाशीघ्र निराकरण करवाने का आश्वस्त किया।

इस दौरान प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, महासचिव शोभासिंह देव, राजेश साहू, विनोद यादव, गजेंद्र नायक, लालजी साहू, प्रदीप वर्मा, खोशील गेंद्रे, खिलावन वर्मा, पवन साहू, मनीष अवसरिया, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, देवेंद्र चंद्राकर, वारिस कुमार, हेमन्त कुमार खुटे, खेमलता कंवर, खोमन चंद्राकर, कीर्तन साहू, अनिता साहू, पूजा साहू, तुलसी राम साहू, तपस्या शर्मा, सरोज सोनी, चंद्रशेखर मिथलेश, ज्योति चंद्राकर, बेला मारु, नोबल ध्रुव, सविता साहू, गजेंद्र साहू, धोबा लाल पटेल, प्रफुल्ल बारीक आदि मौजूद रहे।

## बारनवापारा स्कूल में हुआ विदाई समारोह, कार्यक्रम में भावुक हुए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा शाला प्रांगण में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवाकाल के तय आयु सीमा पूर्ण हुए बतौर शिक्षक विभिन्न पदों पर सुशोभित लोचनचंद्र शेखर प्रसाद प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारनवापारा एवं शैक्षणिक सत्र सेवाविस्तार कार्यरत रही कन्या आश्रम बारनवापारा की शिक्षिका संध्या शर्मा को संयुक्त मुख्य अतिथि आसंदी स्वागत-सम्मान के साथ शाल, श्रीफल, अंग वस्त्र, पेन, डायरी, मोमेंटो इत्यादि सप्रेम भेंटकर सम्मानपूर्वक भावभीनी नम आँखों से विदाई दी गई।

यह आयोजन शाला परिवार एवं शाउमावि बारनवापारा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ढाकेश्वर चौहान, सरपंच प्रतिनिधि भुवन यादव और जनपद सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण ठाकुर के विशेष सहयोग से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रधान पाठक लोचनचंद्र शेखर प्रसाद ने अपनी प्रथम नियुक्ति से सेवाकाल के पूरे करीब 40 सालों के इस वनांचल क्षेत्र में बीते हरेक पलों-लम्हों, समय-दिनों को याद कर काफी भावुक हुए। उन्होंने कहा कि विदाई का यह क्षण मेरे लिए काफी दुखद है। भावनाओं मैं भरा हुआ हूँ। गला अवरूद्ध हो रहा है। बहुत ही संभल कर व्यक्त कर पा रहा हूँ। इस शाला में प्रायमरी से हायर सेकंडरी स्कूल तक हम सभी एक परिवार की तरह रहते थे। समय ऐसे बीतता गया कि पता ही नहीं चला। सभी का अपार सहयोग, उनका अनुभव, हमेशा हर चुनौतियों में उनका साथ, हरेक स्थिति-परिस्थितियों में साथ निभाना मुझे आल्हादित करता है। मेरे जीवन को अच्छा बनाता रहा। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि अपनी जिज्ञासा कम मत होने दें। पूरी लगन, निष्ठा के साथ खूब मेहनत कर जीवन में आगे बढ़ें। सफलता हासिल करें। कभी डांट, हंसी-मज़ाक किया हूँ। उन बातों पर ध्यान नही देना। हमने शिक्षा दी है। उसे सीख के रूप में ग्रहण कर लेना। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार नवापारा के संस्था प्रमुख गुलाब राम चौधरी ने आभार प्रकट करते कहा कि जैसे घर गांव में सियान का होना जरूरी है, जो हमेशा हर मुश्किल परिस्थिति में सही मार्गदर्शन दें। जिसके नक्से कदम पर हम आगे बढ़ें।ऐसे हमारे पथ प्रदर्शक, मार्गदर्शन, हमें उत्साहित प्रोत्साहित और नई दिशा देने वाले प्रधान पाठक लोचनचंद्र शेखर प्रसाद और संध्या शर्मा रहीं। इस मौके पर बालक हास्टल चरौदा अधीक्षक संतोष मनहर, प्राथमिक शाला मुड़पार प्रधान पाठक कमलवंशी, प्राथमिक शाला हरदी युधिष्ठिर जघले व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ही अतिथियों ने भी विचार एवं यादे सांझा की। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा के व्याख्याता श्रीकांत पुरैना ने भी अपने विचार रखें। व्याख्याता पीपी वर्मा ने दोनों के लिए मंगल कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त शब्द से उपयुक्त यह कहना होगा कि रूपांतरित इनकी सेवाएं हमें निरंतर मिलती रहेगी। मंच संचालन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बार के शिक्षक गोपीचंद निषाद ने किया। इस अवसर पर सेवती लोचनचंद्र शेखर प्रसाद, प्रिया, शिक्षक दुर्गेश कुमार वर्मा, रेणु ठाकुर, गीतांजलि बरिहा आदि मौजूद रहे।

## आशीबाई गोलछा स्कूल में हुआ विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विमल मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, छाया रंगारी, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव, खेमलता कंवर, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, तुलसी राम साहू, ज्योति किरण चंद्राकर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वहीं बारहवीं के छात्र छात्राओं ने भी विद्यालय में बिताए गए समय को याद करते हुए अपने खट्टे-मीठे अनुभव बांटे। कार्यक्रम में बारहवीं वाणिज्य संकाय की छात्रा आशीसेन को मिस फेयरवेल तथा विज्ञान संकाय के छात्र कुणाल कुलदीप को मिस्टर फेयरवेल चुना गया, जिन्हें प्राचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन पूजा परमार तथा रागिनी साहू ने और आभार प्रदर्शन दीक्षा चंद्राकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिमांशी टंडन, डिंपल चंद्राकर, साक्षी पटेल, धनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, प्रशांत मल्होत्रा, डिगेश सेन, दुर्गेश साहू, मयंक निषाद, मधु निषाद, हर्ष चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।

## उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बरोंडा चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपाइयों ने उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित था। देश के विकास में उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके आदर्श आज भी कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, भाजपा शहर मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, भाजपा नेता महेंद्र जैन, पार्षद माखन पटेल, भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर, हनीश बग्गा, आनंद साहू, गौरव चंद्राकर, शरद मराठा, नंदू जलक्षत्री, हिमांशु चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, गोपी कन्नौजे, आयुष दुबे उपस्थित रहे।

### पशु कल्याण जागरुकता माह के तहत उमरिया स्कूल में निबंध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक जिले में पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक पशुपालन पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पशु कल्याण को प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू के मार्गदर्शन में विकासखंड बसना अंतर्गत शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला ग्राम उमरिया में पशु संरक्षण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर के 55 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने पशु संरक्षण एवं कल्याण पर अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार महक मानिकपुरी, द्वितीय पुरस्कार दिलेश्वरी सिदार तथा तृतीय पुरस्कार चांदनी दीवान को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. योगेश्वर पटेल, प्रभारी पशु चिकित्सालय भंवरपुर द्वारा किया गया। इसमें शाला प्राचार्य जगदीश प्रसाद सिदार सहित शिक्षक लखन लाल चौधरी, नीलांबर चौधरी एवं गीतांजलि साहू का विशेष सहयोग रहा।

## पीजी कॉलेज में मनाया गया क्रीड़ा उत्सव

**महासमुंद।** महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे के नेतृत्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 9 व 10 फरवरी को वार्षिक क्रीड़ा उत्सव मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, पासिंग द बॉल थ्री, लेग रेस जैसे मनोरंजनात्मक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं सभी अधिकारी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को डॉक्टर रीता पांडे द्वारा मेडल व ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में डॉक्टर मालती तिवारी, डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा, डॉक्टर ई पी चेलक, प्रियंका सोनवानी, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती सेठ, प्रदीप कन्हेर, केसर चंद वनपाल, डॉ जगदीश सत्यम, मनबोध चौहान, आशुतोष पुरी गोस्वामी, दिलीप बढ़ाई, मुकेश साहू, गेश्वर दीवान, कुंदन देवांगन, केसर कश्यप, सौरभ साहू, कपिल पेंडरिया, मुकेश पेंडरिया, मोनू आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### मुड़मार में महाशिवरात्रि पर होगा मानस गान

**नर्रा।** ग्राम मुड़पार को महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी दिन रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मानस गान महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें अमांत्रित मानस मंडली जय अंबे मानस परिवार कोकड़ी, दरस परस मानस परिवार खुर्सीपार, जय मां मनकेसरी महिला मानस परिवार टहंकापार उत्तर बस्तर कांकेर, पुष्पाजंलि महिला मानस परिवार भखारा मगरलोड़ धमतरी आदि शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव होंगे। अध्यक्षता सरपंच कौशिल्या नूतन पटेल एवं वशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखमसिंह ठाकुर, जनपद सदस्य लता कुम्हार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भेखलाल साहू, पूर्व सभापति उत्तमराणा, उपसरपंच रेखराज दीवान, पंच श्यामबाई, आत्मा राम दीवान, पोखन महानंद आदि होंगे।

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोपालपुर की मृतका सउरी भोई के पति उपेंद्र भोई के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



### शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक, जो अमर वीर शहीदों की स्मृति में बनाया गया है। जहां स्वच्छता का कार्य चलता रहता है। शहीद स्मारक में समय-समय पर घास की कटाई और परिसर की साफ सफाई की जाती है। भारत देश के लिए अमर वीर जवान ने अपना बलिदान दिया गया है। शहीद स्मारक खरोरा में भारत देश के अमर वीर जवान ने शहीदो हुए हैं उनकी याद करने के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है।

**मुहिम : दवाओं का अनिवार्य रूप से सेवन करने तथा लोगों को प्रेरित करने की अपील**

# फाइलेरिया उन्मूलन महाभियान, कलेक्टर लंगेह ने दवा खिलाकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) महाभियान का शुभारंभ मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार ने हितग्राही चमेली निर्मलकर एवं अमावती ठाकुर को अपने हाथों से फाइलेरिया रोधी एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा आमजन को नियमित दवा सेवन के लिए प्रेरित किया।

यह महाभियान जिले में 25 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएगी तथा उन्हें बीमारी से बचाव एवं आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करेगी। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने कहा कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर दवा सेवन एवं जनजागरूकता के माध्यम से इसे पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वितरित की जा रही दवाओं का अनिवार्य रूप से सेवन करें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि महासमुंद जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक दवा पहुंचे और कोई भी इससे वंचित न रहे। इसके लिए स्वास्थ्य अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि फाइलेरिया शरीर के लसिका तंत्र को प्रभावित करने वाली बीमारी है, जो लंबे समय में हाथ-पैर अथवा शरीर के अन्य अंगों में असामान्य सूजन (हाथीपांव) का कारण बनती है। इससे पीड़ित व्यक्ति को बार-बार बुखार, सूजन एवं दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह बीमारी मच्छरों के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे ने जानकारी दी कि अभियान के प्रारंभिक दिनों में आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी डॉ. वीपी सिंह ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें तथा स्वयं एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को दवा अवश्य सेवन कराएं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय सामूहिक दवा सेवन, मच्छरों से बचाव एवं स्वच्छता बनाए रखना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वितरित की जा रही दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा चिकित्सकीय निर्देशानुसार सेवन करने से बीमारी की रोकथाम संभव है। कार्यक्रम में जायति, यशवंत साहू, दीपक तिवारी, राहुल, एकेश्वर सहित मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नपाध्यक्ष ने किया नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शहर में चल रहे बड़ी नाली निर्माण कार्यों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गति, गुणवत्ता और डिजाइन पर विशेष ध्यान दिया।

अध्यक्ष साहू ने सबसे पहले 20 लाख रुपये की लागत से बन रहे वार्ड क्रमांक 15, 16 एवं 17 महामाया मंदिर, शीतला मंदिर के समीप के नाले के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस नाले का निर्माण तीनों वार्ड क्षेत्र में गंभीर जलभराव की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान, अध्यक्ष ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस नाले के बन जाने से इन सभी क्षेत्रों की जनता को जलभराव की समस्या से स्थाई रूप से राहत मिलेगी। इसी तरह नपाध्यक्ष ने डीएमएस स्कूल के समीप वार्ड 26 में बन रही नाली का निरीक्षण कर ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के लिए निर्देशित किया। यह पहल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# डिजिटल इंडिया और पेपरलेस वर्क को पूर्णतया लागू करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा का पहला उद्देश्य हर वस्तु का सदुपयोग करना सीखाना है, विशेष कर हमारे प्राकृतिक संसाधनों का, जिसका लगातार दोहन हो रहा है। आने वाली पीढ़ियों के लिए भी वो सुरक्षित बचें, उनका संरक्षण संवर्धन हो, इसीलिए शिक्षा दी जाती है। शिक्षा के मानवीय करण और मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए तन-मन-धन से समर्पित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल ने कलेक्टर महासमुंद समेत स्कूल शिक्षा मंत्री, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर व डीपीआई व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर विनम्रता पूर्वक निवेदन किया है कि सेव कागज, पेपर लेस वर्क, ई फार्म, डिजिटल इंडिया, पेपरलेस वर्क, ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेजों का दोबारा उपयोग आदि अनेक पर्यावरण संरक्षण व कागज बचाओ के तहत कार्य प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा किया जा रहा है, जो कि विकसित भारत-विकसित संसार के लिए अनिवार्य कदम हैं, इससे गंभीरता से पालन करने सभी विभागों को निर्देशित करें, कागज के दोनों तरफ सरकारी विभागों में आवेदन व सूचना प्रसारित करने कहें, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप चैनल से ऑनलाइन सरकारी काम करने प्रेरित करें। ऑफलाइन कागज की बर्बादी न हो, क्योंकि एक टुकड़ा कागज के लिए कितने पेड़ काटने पड़ते हैं, सबको पता है। अनेक बार सरकारी विभागों व टीवी व समाचार पत्रों में विज्ञापनों के माध्यम से सरकार इस ओर भारत सरकार ध्यानाकर्षण कराते रहती है, लेकिन फिर भी विशेष कर शिक्षा विभाग में इसे और गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। अभी वर्तमान में डाइट महासमुंद में बालवाड़ी प्रशिक्षण चल रहा है, यहां पर हरेक शिक्षकों को 2-2 प्रमाण पत्र दिया गया है, जो पेपर का बर्बादी का अनावश्यक बर्बादी है,और ये प्रमाण पत्र की भी जरूरत नहीं थी, क्योंकि डाइट के आदेश पर ही शिक्षक प्रशिक्षण में आये हैं। हजारों कागज के पन्ने डाइट महासमुंद ने प्रमाण पत्र के नाम पर बर्बाद कर दिया गया है। अभी बालवाड़ी प्रशिक्षण के 2 और चरण शेष हैं। जिसमें फिर से हजारों कागज बर्बाद हो जाएंगे। प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद व बालवाड़ी प्रभारी राजेश चंद्राकर समेत सभी मास्टर ट्रेनर बीआरजी व डीआरजी को भी उन्होंने अनुरोध किया है कि प्रमाण पत्र के नाम पर कागज बर्बाद न करें, क्योंकि उनके ही आदेश पर शिक्षक प्रशिक्षण में आये हैं, डिजिटल इंडिया के तहत ये प्रमाण पत्र सीधे वाट्स अप या टेलीग्राम भी जारी कर सकते हैं।

# शहर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला भाजपा कार्यालय में एकात्म मानवतावाद के प्रणेता एवं जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में जिलेभर से आए भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रसेवा, त्याग, तपस्या एवं समाजहित के आदर्शों को स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता महासमुंद नगर संघ चालक भूपेंद्र राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानवतावाद भारतीय राजनीति को नैतिकता, सेवा और समरसता की दिशा प्रदान करता है तथा उनका जीवन आज के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय और समरस समाज का सपना साकार करने के लिए उनके विचारों को व्यवहार में उतारना आवश्यक है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे ने अपने वक्तव्य में कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत राष्ट्रहित, सामाजिक समानता एवं मानव गरिमा के मूल्यों पर आधारित हैं, जो वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने उदाहरणों एवं लघु कथाओं के माध्यम से बताया कि एकात्म मानवतावाद केवल एक विचारधारा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतिबिंब है। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू द्वारा रखी गई, जिन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन को सशक्त बनाना तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में मंचासीन प्रमुख अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह गोल्डी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल एवं पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में राष्ट्रसेवा, नैतिक राजनीति, सामाजिक समरसता एवं संगठनात्मक मजबूती की भावना को और अधिक प्रबल करना रहा। अंत में सभी उपस्थितजनों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में विदाई समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाई स्कूल लाफिंनखुर्द में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच जानकी साहू रहीं। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने की। विशेष अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, उपसरपंच शिवकुमार निषाद, संतोष साहू, नंदिनी साहू सहित समिति के अन्य सदस्य एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। पश्चात कक्षा नवमी की छात्रा लीसा साहू ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सुसज्जित होकर कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए। मनोरंजन के क्रम में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई तथा गुब्बारा नृत्य, मोमबत्ती जलाकर, चूड़ी डालना आदि आकर्षक खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने तथा सफलता के लिए अनुशासित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी। विशेष अतिथि सुंदरलाल साहू ने विद्यार्थियों को जीवन में नई उड़ान भरने, शैक्षिक गतिविधियों के साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रतिभा निखारने तथा परीक्षा से न घबराने की सलाह दी। सरपंच जानकी साहू ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अपने दुर्गुणों को त्यागकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएं और माता-पिता का नाम रोशन करें। प्राचार्य भारत साहू ने सत्र भर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा परीक्षा में सफलता के उपयोगी टिप्स साझा किए। उन्होंने टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5000 पुरस्कार देने की घोषणा की। वहीं ग्राम पंचायत की ओर से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2000 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को प्रकाश चंद्राकर, प्रीति चंद्राकर (व्याख्याता), विनीता अंजलि दीवान, भुनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, मंजूषा साहू एवं राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवमी की छात्राओं पायल एवं दीक्षा ने किया। सत्र भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध, भाषण, क्विज, रंगोली, चित्रकला आदि में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली लीसा, दिगेश्वरी एवं चांदनी साहू को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काजल गुप्ता, नवीन, कक्षा नवमी के छात्र थनेश, भावेश, ओजस्व, रामजी, कुणाल, भावना, गीतांजलि, जागृति, काजल कुसुम आदि का विशेष सहयोग रहा।

# तेंदूवाही में श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम तेंदूवाही में रामेश्वर पटेल (वकील) के घर में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के पंचम दिवस क्षेत्र के प्रसिद्ध कथा व्यास पण्डित शैलेंद्र मिश्रा महाराज ने श्रद्धालुओं को दिव्य भक्ति रस का पान कराया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं, भक्त प्रह्लाद चरित्र एवं भगवान की कृपा महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ग्रंथ है। भगवान के नाम स्मरण से ही कलियुग के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में शांति व आनंद का संचार होता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे एवं धर्मलाभ प्राप्त किया। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति में कथा का रसपान कराया गया। कथा व्यास पं. शैलेन्द्र मिश्रा महाराज लखनपुर वाले ने भगवान श्रीकृष्ण कथा में कथा श्रीमद्भागवत हमें भक्ति, प्रेम और समर्पण का मार्ग दिखाती है। कथा श्रवण से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मन में शांति का संचार होता है। पंचम दिवस पर विशेष रूप से भक्त प्रह्लाद चरित्र, गोवर्धन लीला, रास पंचाध्यायी का विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज ने बताया कि रुक्मिणी‍ी अटल श्रद्धा और निष्काम प्रेम की प्रतीक हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण को ही अपना सर्वस्व मानकर पत्र लिखा और पूर्ण विश्वास के साथ प्रभु को पुकारा। भगवान ने भक्त की लाज रखते हुए रुक्मिणि हरण कर उनका विवाह सम्पन्न किया। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है। कथा के दौरान विवाह उत्सव का दिव्य दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिससे पंडाल राधे-कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। भजन-कीर्तन एवं पुष्पवर्षा के साथ भक्तों ने उत्साहपूर्वक भगवान के विवाहोत्सव का आनंद लिया। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कथा में पं आकाश मिश्रा, मोहित महाराज, त्रिभुवन मिश्रा, बालकृष्ण श्रीवास्तव एवं रामेश्वर जागेश्वर पटेल ने सभी भक्तों से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ आतिशी स्वागत



**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी के युवा विंग, भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त महासमुंद जिलाध्यक्ष अमन वर्मा के प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्र के युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी एकजुटता और शक्ति का जोरदार प्रदर्शन किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल राजनीतिक गलियों में हलचल मचा दी, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि आगामी चुनौतियों के लिए युवा मोर्चा पूरी तरह तैयार है। जैसे ही जिलाध्यक्ष अमन वर्मा का काफिला सरायपाली की सीमा में प्रविष्ट हुआ, कार्यकर्ताओं के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गूंजायमान हो गया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि आशीष सेन के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ अपने नेता का आत्मीय स्वागत किया। कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था, जो अपने नए जिलाध्यक्ष के स्वागत में घंटों पहले से ही एकत्रित हो गए थे।

